Taxes has issued certain papers etc. for views. But, now the Finance Minister has announced that these will not be applicable to the foreign investors. These investors are earning profits in our country. So, what is the matter of great concern is that our policies are being dictated by the pressure of the US multinationals. That is the pressure...(*Interruptions*)...

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, this is the question.

SHRI CHITTABRATA MAJUMDAR: Sir, it is a matter of great concern and it is against the National interest of our country.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the hon. Leader of the Opposition.

Concern over happenings in our region and immediate neighbourhood

THE LEADER OF OPPOSITION (SHRI JASWANT SINGH): Thank you, Mr. Deputy Chairman. Sir, I will be very brief in accordance with your injunction. I rise to give voice to a very great sense of disquiet and that disquiet arises from the overall management of the country's international relations, most specifically in the context of what is happening both in our region and our immediate neighbourhood. I am saddened, Sir, when I observe that all around our region and in the immediate neighbourhood what prevails is disorder and a degree of anomie. When faced with this kind of a challenge, it would have been our expectation that the Government of India asserts the autonomy of its policy formulation and implementation; instead, we have witnessed today a continuous drift and a sense of rising despair. I would be specific, Sir, and I will cite examples, more pointedly of Iran, because the situation, as it is developing there, I believe, is a matter of very grave concern to India. In the face of such a challenge, I am bewildered and I am extremely concerned. I say this with restraint as much as I can command as to why our Government is meeting this situation with utter, absolute and deafening silence. It is such a silence, Sir which I have said, converts policy into a nullity and that is the concern. I do believe, Sir, and I say it with utmost seriousness that the Government's handling of the situation is a betrayal of the Indian interests. I wish to share, Sir, that I cannot but help carrying an impression that the Government of India has mortgaged its thought and policy—and most sadly, the conduct of its foreign policy lately—to the United States of America, and if it is not to the United States of America, to whom has it mortgaged its policy and why is

this silence? I do wish to emphasise, Sir, that the Government's silence is not just regional.

It is also in relation to or in regard to the immediate neighbourhood, be it Bangladesh or Afganistan, that we have witnessed, particularly, in East Afganistan, in the last two, three days, the recrudescence of violence and over a hundred deaths. That is a matter of immediate and direct concern to India; it is a matter of immediate and direct Indian interest, In Sri Lanka, which stands on the edge, especially, a kind of civil war again, and the Government of India is again silent. What we have witnessed in Nepal, Sir, without doubt is an assertion of the will of the people of Nepal, but, I cannot help expressing a view that I, as an Indian, and as a neighbour of Nepal, feel diminished, and I feel a sense of being diminished that Nepal today declared and changes its constitution. It is their right. They can change it. But, when they say that they are no longer a Hindu Kingdom, I do feel diminished ... *(Interruptions)*..

SHRI SHAHID SIDDIQUI (Uttar Pradesh): Why? ... *(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY (West Bengal): Why?

SHRI JASWANT SINGH: It is my view ... *(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is his view ... *(Interruptions)*....

SHRI JASWANT SINGH: Some hon. Members are asking why? It is because that is my view, and I cannot go if I were to do into a dissertation of why I feel that. Then, that will be a, debate in itself. But, I do feel diminished, and I would be dishonest if I did not say that I feel diminished, just as I would be equally dishonest if I did not give voice to my sense of disquiet. But, how we are handling the situation with regard to Iran. Sir, I wish to submit that India and Iran's relations are not a consequece of Columbus's accidental discovery of the United States of America. Columbus stumbled upon the shores of America. Iran and India's relations go back millennia. The way we are treating them today, are a betrayal of our history, it is betrayal of the dictates and demands of geography, it is a betrayal of the whole concept of regional security, and it is also a betrayal, I submit hon. Members, of the entire concept of stability in the region. It is a dream that we carry that without a regional power like Iran, there can ever be lasting stability in our region or in West Asia or elsewhere. I will not take long, Sir. I have to say that we are witnessing today globally—and I am

giving voice to something that even the concerned observers in the United States of America are giving voice to—that the world today is seized by a kind of anti-Amiricanism that I have not witnessed for very many, many decades. When the world is moving in a direction of anti-Americanism, for India and the Government of India, ceased as it is, or paralysed almost because of July 18th agreement, to place on mortgage what it is doing, and it is not just that. I say this with great concern. The entire Islamic world today feels a very great sense of anti-Americanism as the United States policies are directed only against Islam; and I gave voice to my feelings about Nepal. I gave voice because it is my feeling and I remain convinced that I do feel diminished. I equally feeling diminished...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir, what is this? ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): इनको कुछ हो जाता है, जब हमारे नेता बोलते हैं ... (व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Poojary, this is the convention that when the Leader of Opposition speaks, the entire House listens to him ...(*Interruptions*)... I request you not to interrupt him... It is their view. You express your view when your turn comes. But it is their view. (*Interruptions*)... This is Parliament... *Interruptions*)...Please.

SHRI JASWANT SINGH: Sir, I do wish to make a few sentences only I can understand the hon. Member's impatience. The hon. Member is never agitated in the House. He is one of the most self-contained and disciplined Member and his conduct has, so far, never displayed a lack of restraint. *(Interruptions)*...

Sir, I wish to repeat that it is just an illusion that we carry in our mind that we can forsake the interest of regional stability or the immediate neighbour's stability and hang all that on the July 18th nuclear agreement. I caution the Government in utmost seriousness because in the Indo-US relations and the global anti-US feelings—and the sense globally, today, is that the United States policies are anti-Islamic—that is an aspect of perception and reality and in that silence or ignorance of policy or appearance of disunanimity or appearance of having mortgaged our policy

and the appearance of even being subservient to the United States of America is so damaging to India that it will take decades for us to set it right. Please desist from this disastrous pursuit. Please correct your approach. Please stand up. I appeal to the Government to stand up and let India's voice be heard because you can't have regional stability or immediate neighbour's stability unless India and Iran work together in West Asia. It is not just simply a question of oil. It is a question of the civilizational entities that are as ancient as time, for Iran and for us. There is a great deal more that I could have said. But, I thought, it is a Friday, I do wish to give some voice. why do I say this? Just one or two sentences. The Government today has perfected a policy of practising deliberate silence. If I write to the senior Members of the Union Cabinet, I am met with what I call "deafening silence". I never experienced it in all my life. This is my seventh time in Parliament. My letters to the Government have not even acknowledged. I would not cite whom I have written to. These letters were all on policy issues. I do appeal to you, Sir, and I appeal to the entire House, please take note of what I say. Throw it out of the window if you don't agree with it. But, at least please reflect on it. Thank you. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Government want's to say something (*Interruptions*)... The Govenment want's to say something. (*Interruptions*)...

SHRI S. S. AHLUWALIA (Jharkhand): Sir, there is no Cabinet Minister present here. (*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Prem Chand Gupta is there. (*Interruptions*)...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I will take just one minute. (*Interruptions*). I will take just one minute. (*Interruptions*).

प्रो॰ राम देव भंडारी (बिहार): यह देखिए, इधर बैठे हुए हैं प्रेम चन्द गुप्ता जी, कैबिनेट मिनिस्टर। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: मंत्री जी, आप सामने आकर बैठ जाइए। ...(व्यवधान)...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I will take just a minute. I am only rising to share the concern which the Leader of the Opposition has raised on this question of Iran. I only want to go on record that I am very happy that, given the anti-US sentiments worldwide that he mentioned, he has also shifted and come to this side. It is very good. I would appreciate this very much. But, at the same time, I would like to make a submission, since the hon. Minister is here, on this issue. There are reports that are

appearing that India has abandoned the entire concept of the Iran gas pipeline and we are, in fact, going in for an alternative with Turkmenistan and Uzbekistan. If that is true, it is indeed very grave. It is very grave and we would like to have an answer to that.

Secondly, Sir, as far as Nepal is concerned, I think, this House must congratulate the people of Nepal for restoring democracy and for restoring a secular character in that country. We should go on record.

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी) : उपसभापति महोदय, सदन के विपक्ष के सम्मानित नेता, श्री जसवन्त सिंह जी ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और जिन बिन्दुओं का ज़िक्र इन्होंने किया है, इनमें से अधिकतर बिंदु वही हैं, जो इन्होंने 14 अप्रैल, 2006 को आदरणीय प्रधानमंत्री जी को लिखे पत्र में उठाए थे। उस पत्र में इन सब बिन्दुओं का, ज्यादातर बिन्दुओं का उल्लेख किया गया था। मैं इस सदन को अवगत कराने के लिए बाध्य होकर खड़ा हुआ हूं क्योंकि मैं इस विषय का विशेषज्ञ नहीं हूं।

यह बात आई कि जो इन्होंने पत्र लिखा, उसको ऐक्नॉलेज तक नहीं किया गया है, इस बारे में मैं यह बताना चाहता हूं कि यह पत्र प्रधानमंत्री जी की ओर से 9 मई, 2006 को ... (व्यवधान) ...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: एक ही पत्र के बारे में नहीं कहा गया है। परम्परा तो ... (व्यवधान) ...

श्री सुरेश पचौरी: आप उनको रिप्रजेंट कर लीजिए। ... (व्यवधान) ...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: परम्परा तो यह है कि राज्य सभा के वेब साइट पर लिखा हुआ है How to deal with a Member of Parliament? *(Interruptions)*.

श्री सुरेश पचौरी: क्या प्राब्लम है? ... (व्यवधान) ... क्या प्राब्लम है? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: अहलुवालिया जी, सुन लीजिए जरा। ... (व्यवधान) ...

श्री सुरेश पचौरी: क्या प्राब्लम है? अगर आप गलतबयानी कर रहे हैं और उसको स्पष्ट किया जा रहा है तो क्या प्राब्लम है? ... (व्यवधान) ...

SHRI S. S. AHLUWALIA: You even don't send the acknowledgement. *(Interruptions)*.

श्री उपसभापति: अहलुवालिया जी, यह क्या है? ...(व्यवधान)...The Minister has a right to say whatever he wants to say. *(Interruptions)*...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: यह परम्परा है। ...(व्यवधान)...यह गलत ...(व्यवधान)...

श्री सुरेश पचौरी: क्या प्राब्लम है? ... (**व्यवधान**) ...

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान): जान-बूझकर ये गलत बोल रहे हैं। ... (**व्यवधान**) ...

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir, he is misleading the House. *(Interruptions).*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is clarifying. Please listen to him.

श्री सुरेश पचौरी: सभापति महोदय, पहली बात तो मैं यह बताना चाहूंगा और मुझे खुशी है कि यह मुद्दा उठाने के लिए सदन के सम्मानित विपक्ष के नेता का पूरा अधिकार मेरे आदरणीय मित्र, श्री अहलुवालिया जी ने ले लिया है। दरअसल उन्होंने अपने सिग्नेचर से मोशन ही नहीं दिया है, पत्र भी दिया है कि ज़ीरो ऑवर के बाद यह मुद्दा आदरणीय विपक्ष के नेता उठाएंगे, उनके सिग्नेचर हैं।

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: चीफ व्हिप ही तो देता है यह चिट्ठी, इसमें क्या गलत बात है?

श्री सुरेश पचौरी: यह पत्र भी उनके सिग्नेचर का नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please listen to him.

श्री सुरेश पचौरी: फिर भी जब यह बात आती है कि जो पत्र लिखा गया, उसको ऐक्नॉलेज तक नहीं किया गया, तो मैं यह बताना चाहता हूं कि 14 अप्रैल, 2006 को जो पत्र लिखा गया, जिसमें अधिकतर इन्हीं बिन्दुओं का ज़िक्र था, मैं उन बिन्दुओं पर बिन्दुवार जाकर सदन का समय नहीं लेना चाहता क्योंकि अभी कालिंग अटेंशन मोशन डिस्कशन पर आना है।

श्री उपसभापति: और ज़ीरो ऑवर के भी दो मैटर और हैं।

श्री सुरेश पचौरी: तो 9 मई, 2006 को आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने सदन के सम्मानित विपक्ष के नेता को पत्र लिखा है। इसके अलावा यदि और कोई पत्र इन्होंने लिखा है, तो मैं इस सदन में यह आश्वासन देना चाहता हूं कि उस पत्र को भी ऐक्नॉलेज किया जाएगा। ऐसी कोई बात नहीं है कि सदन के नेता ने जो बिन्दु उठाए हैं, प्रधानमंत्री जी की ओर से उनको नज़रअंदाज़ किया जाए।

जहां तक अन्य बिन्दुओं का सवाल है, कंट्री के इंटरेस्ट में जो भी कदम उठाए जा सकते थे, वे उठाए गए हैं, उस परीधि में ही उठाए भी जाएंगे और माननीय प्रधानमंत्री जी ने इन बिन्दुओं पर जो स्टेटमेंट इस सदन में एक बार नहीं, बल्कि तीन-तीन बार दिया है, उस स्टेटमेंट से अलग सरकार का कोई और रुख नहीं है, यह मैं स्पष्ट करना चाहता हूं।

श्री जसवन्त सिंह: जनाब डिप्टी सदर साहब, माननीय मंत्री जी ने जो फरमाया, मैंने प्रधानमंत्री जी का उल्लेख नहीं किया। मैंने यह नहीं कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मेरे पत्र का जवाब नहीं दिया है और साधारणत: मैं इस बात का उल्लेख सदन में करता भी नहीं हूं, क्योंकि यह मेरे पत्र-व्यवहार की

आपसी बातचीत है, कोई मंत्री महोदय यदि उसका जवाब दें तो उनका बड़प्पन है और यदि जवाब नहीं दें, तो भी बड़प्पन है।

आपने एक बात फरमाई कि मैंने अपने दस्तखत से यह नहीं लिखा, यह सही बात है, यह मेरी भूल है और इसके लिए मैं आपसे भी और चेयर से भी क्षमा चाहता हूं।

श्री उपसभापति: यह अहलुवालिया और पचौरी जी के बीच की बात थी। ... **(व्यवधान)** ... यह इन दोनों की दोस्ती है। ... **(व्यवधान)** ...

श्री जसवन्त सिंह: वैसे चीफ व्हिप अक्सर इस किस्म के कागज़ात दिया करते हैं। मेरा विषय ऐसा था और वह आपने पूछा है तो मैं आपको बताता हूं। मैंने तीन चिट्ठियां लिखीं। किसको लिखीं, यहां पर यह बात नहीं हो रही है। हमने लिखा कि जब राज्य सरकारें इडिपेंडेंट फॉरेन पॉलिसी चलाना शुरू कर देंगी, इससे देश का बहुत अहित होगा। उनसे यह मैंने व्यक्तिगत बात कही, क्योंकि जब अखबारों में सियाचिन पर कुछ मसले छपे तो हमने अपने पुराने मित्र रक्षा मंत्री जी को ख़त लिखकर कहा कि इस क़िस्म की खबरें अखबारों में छप रही हैं, यह अच्छा नहीं है और यदि आप इसकी सफाई दे दें तो उचित रहेगा, लेकिन उन्होंने सफाई नहीं दी। यह उनका बड़प्पन है, यदि वह सफाई नहीं भी दें तो कोई बात नहीं, लेकिन आप ऐसा मत कहिए कि मैं जो कुछ कह रहा हूं, असत्य ही कह रहा हूं। मैं असत्य नहीं कह रहा हूं और न ही यह सब मैं सिर्फ डिबेटिंग प्वाइंट्स स्कोर करने के लिए कह रहा हूं। आपको दिक्कत न हो, इसलिए कह रहा हूं।

श्री उपसभापति: श्री संतोष बागड़ोदिया। आप अपनी बात संक्षेप में कीजिएगा।

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान): सर, जब भी मेरा नम्बर आता है, तब आप यह बात कह देते हैं। पहले आप मुझे बोलने तो दीजिए, शुरू तो करने दीजिए और मैं क्या सब्जेक्ट बोलने जा रहा हूं, यह तो बताऊं ... **(व्यवधान)** ...

श्री उपसभापति: मुझे मालूम है कि आप क्या सब्जेक्ट बोल रहे हैं ... **(व्यवधान)** ...

श्री संतोष बागड़ोदिया: आप मुझे बोलने तो दीजिए। चेयरमैन साहब ने मुझे जितना समय एलाऊ किया है, यदि मैं उससे एक भी सैकेंड ज्यादा बोलूं, तब आप मुझे कहिएगा।

श्री उपसभापति: कितना वक्त दिया है?

श्री संतोष बागड़ोदिया: उन्होंने मुझे सात मिनट के लिए एलाऊ किया है। यदि आप चाहें तो उनसे पूछ लीजिए।

श्री उपसभापति: ऐसी बात नहीं है, आप बोलिए, बोलिए।

श्री संतोष बागड़ोदिया: आप कहें तो मैं नहीं बोलता और फिर मैं शोर मचा कर बोलूंगा। यह

गलत बात है, मैं कह रहा हूं कि मुझे समय दिया है ... (व्यवधान) ...

श्री उपसभापति: तब आप बोलिए ना।

श्री संतोष बागड़ोदिया: फिर आप बोलने दीजिए ना, आप तो मुझे बोलने ही नहीं देते हैं।

श्री उपसभापति: आप स्टार्ट कीजिए।

Alleged incident of sati in Fatehpur in Rajasthan

श्री संतोष बागड़ोदिया: आज ही सुबह मैंने अपने इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में देखा और मुझे बहुत दु:ख भी हुआ। मुझे यह कहते हुए बड़ी दिक्कत हो रही है कि अगर इस व्यवस्था को हमारे देश में और खासतौर से राजस्थान में बढ़ाया गया है तो देश कहां जाने वाला है? यह कल की न्यूज़ है, लेकिन मुझे आज ही मिली है कि फतेहपुर डिस्ट्रिक्ट में किसी पुरुष की मृत्यु हो गई थी और उसके परिवार वालों एवं उसके गांव वालों ने मिल कर ज़बरदस्ती उसकी स्त्री को उसी चिता पर जला दिया और अब उसे सती का रूप देने की चेष्टा की जा रही है। इस तरह की चीजें राजस्थान में पहले भी हो रही थीं और अब भी हो रही हैं, लेकिन राजस्थान की सरकार चुप बैठी हुई है। वहां के बारे में जो दिखाया गया, पुलिस वालों ने यह बात कही कि ऐसा कुछ भी नहीं है, उससे कोई जबरदस्ती नहीं हुई, हालांकि अभी इंक्वायरी भी नहीं हुई और न ही इसकी चर्चा हुई, लेकिन फिर भी यह कांड हुआ है। ये सभी बातें न्यूज़ में आई हैं।

मैं चाहता हूं कि हमारी जो सरकार है, वह इस बारे में पता लगवाए, इंक्वायरी करवाए और जो भी लोग दोषी पाए जाएं, उनके साथ कड़ा से कड़ा कार्यवाही की जाए।

यह सब मैं इसलिए कहना चाहता हूं, क्योंकि हमारी बहनों एवं हमारे घर की बहू बेटियों के साथ यदि इस तरह का अत्याचार होना शुरू हो जाएगा, तो यह देश कहां जाएगा? राजस्थान में खासतौर से पहले भी ये बातें हुई हैं। हालांकि इसके लिए हमारे पास सती ऐक्ट भी है, इसके अंतर्गत भी इस पर कार्यवाही हो सकती है, साथ ही क्रिमिनल ऐक्ट भी है। हमारी राजस्थान की सरकार इस बारे में चुप क्यों बैठी हुई है? शायद वह यह भी कह सकते हैं कि यह लोकल मैटर है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यह लोकल मैटर नहीं है, यह पूरे देश का सवाल है। यह हमारे देश की महिलाओं का सवाल है और इस चीज़ की आवश्यकता है कि हम इस सवाल को छोटे रूप में न लें। अगर इस तरह की घटना हिन्दुस्तान में कहीं पर भी होती है तो यह जिम्मेवारी हिन्दुस्तान की सरकार की भी है। मैं चाहूंगा कि होम मिनिस्ट्री इस पर ऐक्शन ले और हाउस को इसके बारे में बताए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have taken less then seven minutes. ...*(Interruptions)* नहीं, नहीं ऐसोसिएट कीजिए ...(व्यवधान) बोलने की जरूरत नहीं है, आप केवल ऐसोसिएट कीजिए ...(व्यवधान) विषय केवल एक ही है, इसलिए ऐसोसिएट कीजिए